ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा

कश्मीर में आतंकवाद मृत्युशय्या पर : मनोज सिन्हा

उपराज्यपाल ने कहा.. 'जम्मू-कश्मीर में बंगाल से बेहतर सुरक्षा'

कोलकाता, समाज्ञा : जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 निरस्त किये जाने के बाद इस केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है और घाटी में आतंकवाद अपनी मृत्युशय्या पर है। वहीं, इस दिन, सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गत गुरुवार को सेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। साथ ही, उन्होंने घाटी में शांति भंग करने के प्रयासों के लिए पड़ोसी देश को दोषी ठहराया। सिन्हा ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम ऐसी हिंसा की निंदा करते हैं। हमारा पड़ोसी घाटी में शांति भंग करने के लिए ऐसी हरकतें कर रहा है, लेकिन यह सब व्यर्थ है, क्योंकि कश्मीर में आतंकवाद मृत्युशय्या पर है। उन्होंने यहां कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद सुरक्षा स्थिति पहले की तुलना में काफी हद तक बेहतर हुई है। चैंबर के सदस्यों के कुछ सवालों का जवाब देते हुए सिन्हा ने यह भी कहा कि कश्मीर में सुरक्षा स्थिति बंगाल की तुलना में बेहतर है। हालांकि, बाद में, जब पत्रकारों ने उनकी इस टिप्पणी के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मेरी टिप्पणी को राजनीतिक रूप से तोड़-मरोड़ कर पेश नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि मेरे कहने का मतलब था कि कश्मीर में सुरक्षा स्थिति बंगाल जितनी ही अच्छी है। सिन्हा ने कहा कि कश्मीर में सुरक्षा पश्चिम बंगाल से बेहतर है।